फा.सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी-भाग (1)
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
आर्थिक प्रभाग
****

कमरा सं. 231, ए विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 10.10.2022

विषय : कैबिनेट को भेजे जाने के लिए अगस्त, 2022 माह के सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के साथ अगस्त, 2022 माह के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत हिस्से की एक प्रति सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

हिमांशी 10/10/22

(हिमांशी त्रिवेदी)
अनुसंधान अधिकारी

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों के साथ)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

5. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
6. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
7. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
8. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110001
9. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
10. निदेशक, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
11. निदेशक, इंटर-स्टेट काउंसिल सचिवालय, एमएचए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली-110011
12. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के पीपीएस
13. निदेशक (प्रशासन), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को विभाग की वेबसाइट पर डलवाने के अनुरोध के साथ

फाइल सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

अगस्त, 2022 के माह के लिए मासिक सार

अगस्त, 2022 के दौरान महत्वपूर्ण कार्य/गतिविधियां इस प्रकार हैं:

2. अगस्त, 2022 के दौरान भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- सिपेट: सीएसटीएस, भुवनेश्वर ने सिपेट के रोड मैप 2047 के लिए 04.08.2022 को विचारों/राइट-अप पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया।
- सिपेट: सीएसटीएस, औरंगाबाद ने 09.08.2022 को पॉलिमर टेक्नोलॉजी में नवीनतम रूझानों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।
- सिपेट के सभी केंद्रों में 10.08.2022 से 15.08.2022 के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 15.08.2022 को पूरे देश में सिपेट केंद्रों पर ध्वजारोहण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- सिपेट: आईपीटी, अहमदाबाद ने 22.08.2022 को आइडिया @75 सस्टेनेबिलिटी: सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) - रीयूज, रीसायकल और रीड्यूस पर स्वच्छ भारत जागरूकता कार्यक्रम पर जोर दिया।
- सिपेट: आईपीटी, मुरथल ने 30.08.2022 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर आइडिया @75 फोटो/मॉडल प्रदर्शनी पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

3. सिपेट ने शैक्षणिक और कौशल विकास गतिविधियों के तहत 31 अगस्त, 2022 तक 26,972 छात्रों (13,097 छात्र दीर्घावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित किए गए और 13,875 छात्र अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित) को नामांकित/प्रशिक्षित किया है। अगस्त, 2022 के दौरान, सिपेट ने 3,123 छात्रों को अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया।

4. सिपेट द्वारा प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों के लाभ के लिए प्लास्टिक प्रसंस्करण, टूलिंग, परीक्षण, डिजाइन, परामर्श और निरीक्षण गतिविधियों के क्षेत्र में 31 अगस्त, 2022 तक 42,254 प्रौद्योगिकी सहायता सेवाएं शुरू की गईं।

5. एचओसीएल ने अगस्त, 2022 में क्रमश: 68.53% और 71.02% के क्षमता उपयोग के साथ 2,284 मीट्रिक टन फिनोल और 1,456 मीट्रिक टन एसीटोन का उत्पादन किया। माह के दौरान 97.36% के क्षमता उपयोग के साथ हाइड्रोजन पेरोक्साइड (H_2O_2) का उत्पादन 848 मीट्रिक टन था।

6. जून, 2022 माह के लिए रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के उत्पादन डेटा पर प्रमुख संकेतक औद्योगिक सूचकांक उत्पादन (आईआईपी) के निर्माण के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएस एंड पीआई) को भेजे गए। इसमें पिछले वर्ष के इसी माह अर्थात जून, 2021 के मुकाबले 3.9% की वृद्धि हुई है।

7. कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित 'राष्ट्रीय स्तर पर कीटनाशक अवशेषों की निगरानी' के अधिदेश के अनुसार, तीन स्थानों (फरीदाबाद, बहादुरगढ़ और पलवल) से अनाज, सब्जियों, फलों, दूध और पानी के कुल 62 नमूने एकत्र किए गए। इन नमूनों पर कार्रवाई की जा रही है और विश्लेषण किया जा रहा है।

8 जैव-प्रभावकारिता बढ़ाने और सक्रिय संघटक की डोज में कमी के लिए नैनो इमल्शन फॉर्मूलेशन के विकास के लिए आईपीएफटी में प्रायोगिक कार्य किया जा रहा है। मच्छरों के लार्वा नियंत्रण के लिए नीम आधारित फार्मूलेशन के विकास के लिए प्रायोगिक कार्य शुरू किया गया है।

9. कल्याण आयुक्त, भोपाल गैस पीड़ित ने अगस्त, 2022 के अंत तक, अनुग्रह राशि के 63,626 मामलों का निर्णय किया, जिनमें से अवार्डिड और अस्वीकृत किए गए मामले क्रमशः 52,133 और 11,493 हैं। 52,133 दावेदारों को कुल 870.59/- करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। माह के दौरान 38 अवार्डिड मामलों में 92 लाख रू. राशि का वितरण किया गया है।

10. विभाग के सभी कंसलटेंट, एएसओ और डीईओ के लिए 26 अगस्त, 2022 को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल पर एक इन-हाउस प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

11. आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) - "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत विभाग के सभी कर्मचारियों को 13 से 15 अगस्त, 2022 की अवधि के दौरान उनके घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया गया।

12. विभाग और इसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कोविड-19 से संबंधित सभी सावधानियों का पालन किया जा रहा है।

13. रसायन और पेट्रोरसायन का उत्पादन:

I. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 30.37 लाख टन की तुलना में प्रमुख रसायनों के उत्पादन की मात्रा 2022-23 (जून, 2022 तक) के दौरान बढ़कर 32.56 लाख टन हो गई, इसमें 7.22% की वृद्धि दर्ज की गई।

II. पेस्टीसाइड और इंसेक्टीसाइड और डाई और पिगमेंट को छोड़कर सभी प्रमुख रसायनों जैसे एल्कली रसायन, अकार्बनिक रसायन और कार्बनिक रसायन के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि में वृद्धि हुई है।

III. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 107.48 लाख टन की तुलना में 2022-23 (जून, 2022 तक) के दौरान प्रमुख पेट्रोरसायनों के उत्पादन की मात्रा घटकर 98.53 लाख टन हो गई है। इसमें 3.35% की कमी दर्ज की गई।

IV. पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में प्रमुख पेट्रोरसायनों अर्थात सिंथेटिक फाइबर, परफॉर्मेंस प्लास्टिक और अन्य पेट्रोरसायनों का उत्पादन बढ़ा है, जबकि फाइबर इंटरमीडिएट, पॉलिमर, सिंथेटिक रबर, सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट्स, ओलेफिन्स और एरोमैटिक्स का उत्पादन कम हुआ है।

निम्नलिखित आरेख 2021-22 (जून, 2021 तक) की तुलना में 2022-23 (जून, 2022 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के उत्पादन का सार प्रस्तुत करते है। (डेटा तालिका-I और II में है)





14. प्रमुख रसायनों और पेट्रो-रसायनों का आयात/निर्यात:

(i) जून, 2022 में 7,118/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख रसायनों और 6,631/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात किया गया। माह के दौरान प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात क्रमशः 5,851/- करोड़ रुपये और 13,974/- करोड़ रुपये था।

(ii) वर्ष 2022-23 (जून, 2022 तक) में प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का मिला-जुला निर्यात 34.68/- हजार करोड़ से बढ़कर 36.52/- हजार करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में आयात 42.48/- हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 55.26/- हजार करोड़ रुपये हो गया है।

(iii) हालांकि, निर्यात और आयात दोनों पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक रहे हैं, आयात में वृद्धि अधिक रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.8/- हजार करोड़ रुपये के व्यापार घाटे की तुलना में चालू वर्ष में 18.74/- हजार करोड़ रुपये का व्यापार घाटा है।

(iv) अप्रैल-जून, 2021 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के निर्यात के आंकड़े क्रमशः 16.45/- हजार करोड़ रुपये और 18.22/- हजार करोड़ रुपये रहे। अप्रैल-जून, 2021 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के आयात के आंकड़े क्रमशः 13.02/- हजार करोड़ रुपये और 29.46/- हजार करोड़ रुपये रहे।

नीचे दिए गए पाई चार्ट कुल व्यापार में प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के विभिन्न समूहों के शेयरों को दर्शाते हैं।

जून-2022 (2022-23) में प्रमुख रसायनों का निर्यात



जून-2022 (2022-23) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात



जून-2022 (2022-23) में प्रमुख रसायनों का आयात



जून-2022 (2022-23) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात



तालिका-I

प्रमुख रसायनों का उत्पादन				
				(मात्रा: मीट्रिक टन)
क्र.सं.	प्रमुख रसायन समूहों के नाम	2021-22 (अप्रैल-जून 2021 तक)	2022-23 (अप्रैल-जून 2022 तक)	2022-22 की तुलना में 2022-23 में % वृद्धि
1	एल्कली रसायन	2171698	2374628	9.34
2	अकार्बनिक रसायन	245781	258322	5.10
3	कार्बनिक रसायन	448706	462288	3.03
4	पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स	75461	71453	-5.31
5	डाई और पिगमेंट	95120	89462	-5.95
	कुल	**3036766**	**3256153**	**7.22**

तालिका-II

प्रमुख पेट्रोरसायनों का उत्पादन				
				(मात्रा: मीट्रिक टन)
क्र.सं.	प्रमुख पेट्रोरसायन समूहों का नाम	2021-22 (अप्रैल-जून 2021 तक)	2022-23 (अप्रैल-जून 2022 तक)	2022-22 की तुलना में 2022-23 में % वृद्धि
1	सिंथेटिक फाइबर	936517	1010373	7.89
2	फाइबर इंटरमीडिएट	13111366	1265010	-3.53
3	पॉलिमर	2955927	2761722	-6.57
4	सिंथेटिक रबर	97240	79912	-17.82
5	सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	194151	164355	-15.35
6	परफॉर्मेंस प्लास्टिक	367661	458749	24.77
7	ओलेफिन्स	3044207	2697006	-11.41
8	एरोमेटिक्स	1271606	812388	-36.11
9	अन्य पेट्रोरसायन	569784	603757	5.96
	कुल	**10748459**	**9853272**	**-8.33**

बड़े और मध्यम स्तर के उद्योगों से प्राप्त मासिक उत्पादन रिटर्न के आधार पर।